# **K S T A Academic Council**
# Model Examination March 2021

Hindi
Third Language

Time : 1 ½ Hours　　　　　　　　　　　　　　　　　　Score : 40

**निर्देश** :

- पहले 20 मिनट के समय प्रश्नों का वाचन करें,मनपसंद प्रश्नों का चयन करें और लिखने की तैयारी करें ।
- सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें ।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें ।
- 1 से 31 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं ।

**सूचना** : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और **1** से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> एक अंधेरी-सी गली में छह-सात गधों की खुरों की टापों की आवाज़ें । उनके पीछे चलता एक बदन उघाड़े कुम्हार । इसी दृश्य के बीच से गुज़रते दो स्कूली बच्चे - बेला और साहिल । उन दिनों पैन में नीली स्याही भरी जाती थी । स्टेशनरी की दूकानवाले ड्रॉपर से पैन में स्याही भरते थे ।

1.विशेषण शब्द पहचानकर लिखें ।　　1

नीली स्याही

2.सही वाक्य चुनकर लिखें ।　　1

(क) बेला गली से गुज़रते हैं ।　　(ख) बेला गली से गुज़रता है ।

(ग) बेला गली से गुज़रती हो।　　(घ) बेला गली से गुज़रती है ।

3.कहानीकार ने गली के माहौल का वर्णन कैसे किया है ?　　3

4.गली से गुज़रते समय बेला और साहिल ने कई चीज़ों पर बातें की । दोनों की बीच हुई संभावित बातचीत तैयार करें ।　　5

5.इस प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।　　5

**सूचना** : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और **6** और **9** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> यह कविता 'जानना' का रूढ़िग्रस्त अर्थ को पूरी तरह से बदल देती है । इस कविता की पहली दो पंक्तियों में ही कवि उपनी पूरी बात कह देता है । शेष पंक्तियाँ उसी कहे गए को और सघन, गहरा करती है । कविता का संदेश है कि - दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता का एहसास यानी मानवीय संवेदना होना ज़रूरी है - जानकारियाँ ज़रूरी नहीं है ।

6.' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' कविता किसकी रचना है ? 1

(क) नरेश सक्सेना की (ख) विनोद कुमार शुक्ल की

(ग) धर्मवीर भारती की (घ) मिहिर की

7.लेखक के विचार में **हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था** कविता का संदेश क्या है ? 2

8.तीन सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 3

(क) कविता की पहली पंक्तियों से कोई आशय नहीं मिलता है ।

(ख) यह कविता 'जानना' की परंपरागत अर्थ को बदल देती है।


(ग) कविता की अधिकांश पंक्तियाँ पहली दो पंक्तियों का अनुसरण करती हैं।

(घ) मनुष्यों को जानने के लिए जानकारियाँ पर्याप्त हैं ।

(ङ) मनुष्यों के बीच मानवीय संवेदना होना आवश्यक है ।

9.वाक्य पिरामिड़ की पूर्ति करें । 2

(कारण ; हताशा का)




सूचना : **टूटा पहिया** कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और **10** से **12** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
> बड़े-बड़े महारथी
> अकेली निहत्थी आवाज़ को
> अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
> तब मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया
> उसके हाथों में
> ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ !

10.यह आशयवाली पंक्ति पहचानकर लिखें । 2

'बड़े-बड़े लोग अपने पक्ष को असत्य जानते हैं । '

11.उचित वाक्यांशों का चयन करके वाक्यों की पूर्ति करें । 5

- ■ अक्षौहिणी सेना को चुनौती देता है । ■ टूटा हुआ है ।
- ■ कुचलना चाहते हैं । ■ लोहा ले सकता है ।
- ■ असत्य जानते हैं ।

(क) रथ का पहिया ................................ ।

(ख) महारथी अपने पक्ष को ....................... ।

(ग) टूटा पहिया ब्रह्मास्त्रों से ......................... ।

(घ) शक्तिशाली लोग असहाय लोगों को ........................ ।

(ङ) साहसी अभिमन्यू ............................. ।

12.कवि और कविता का परिचय देते हुए पंक्तियों का आशय लिखें। 5

**सूचना** : ' आई एम कलाम के बहाने ' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और **13** से **16** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मोरपाल का स्कूल आठवीं के बाद छूट जाता है ( छुड़वा दिया जाता है ) । वह अपने पिता की तरह आज भी खेत-मजूरी करता है । इसलिए मेरे लिए ' कलाम ' की कहानी सौ में एक की कहानी है । हमें बाकी निन्यानबे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में हैं ।

13.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 1

(क) मोरपाल खेत में काम करने लगी ।

(ख) मोरपाल खेत में काम करनी लगा ।

(ग) मोरपाल खेत में काम करना लगा ।

(घ) मोरपाल खेत में काम करने लगा ।

14.आठवीं के बाद मोरपाल को खेत में काम करना पड़ा । क्यों ? 2

15.गरीबी के कारण कई बच्चों को स्कूली शिक्षा छोड़ना पड़ता है । **शिक्षा बच्चों का अधिकार** का संदेश देने वाला पोस्टर तैयार करें । **5**

16.नीचे दिए बिंदुओं की मदद से **परिवार की हालत और बच्चों की शिक्षा** विषय पर टिप्पणी लिखें । 5

- ■ घर की गरीबी ■ बचपन में काम करते बच्चे

■ काम पर जाते माँ-बाप ■ बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित

**सूचना** : ' सबसे बड़ा शो मैन ' जीवनी का यह अंश पढ़ें और **17** से **20** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की । चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ...। दुनियॉ के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था । उसने जन्म ले लिया था ।

17.**प्रशंसा** का समानार्थक शब्द पहचानकर लिखें । 1

18.उसने जन्म ले लिया था । किसने ? 1

19.अद्‌भुत स्टेज शो पर बालक चैप्लिन का अभिनंदन करते हुए माँ के नाम मित्र पत्र लिखता है । पत्र कल्पना करके लिखें । 5

20.मान लें,चार्ली चैप्लिन के शानदार स्टेज शो की खबर समाचार पत्र में आई । वह रपट तैयार करें । 5

**सूचना** : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और **21** से **24** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिया करती थी । कुआँ दूर था,बार-बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी ।

21.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 1

(क) गंगी हर दो दिन में पानी ले आती थी ।

(ख) गंगी हर हफ़्ते पानी ले आती थी ।

(ग) गंगी हर दिन शाम पानी ले आती थी ।

(घ) गंगी हर महीने में पानी ले आती थी ।

22.**उसमें** में निहित सर्वनाम कौन-सा है ? 1

क) वे (ख) ये (ग) वह (घ) यह

23.गंगाी को पानी भरने दूर क्यों जाना पडता है ? 2

24.' ठाकुर का कुआँ ' कहानी साधारण जनता की कई समस्यों पर चर्चा करती है । इस कथन पर आपका विचार क्या है ? 3

**सूचना** : ' बसंत मेरे गाँव का ' लेख का यह अंश पढ़ें और **25** से **27** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> इन दोनों पर्वतों के बीच खड़े नंदा पर्वत के आसपास सूरज की उपस्थिति मेरे गाँव में बसंत बौराने का प्रतीक है । दादी कहती थीं-जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगाा ।

25.किसकी उपस्थिति लेखक के गाँव में बसंत बौराने का प्रतीक है ? 1

क) हिमालय की (ख)पर्वत की (ग) सूरज की (घ) दादी की

26. 'ऋतुओं के बदलने का उल्लास' – इससे आपने क्या समझा ? 1

27.हमारी संस्कृति में हिमालय के महत्व पर लघु टिप्पणी लिखें । 3

**सूचना** : ' गुठली तो पराई है ' कहानी का यह अंश पढ़ें और **28** से **31** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> इतने में माँ उसे ढूँढती वहीं आ पहूँची । गुठली को उदास देख गले लगाकर बोली, "बेटा, बुआ का बात पर बुरा मत मान । और जो कल होना है उसे लेकर आज क्यूँ परेशान होना । ये दिन फिर लौट के नहीं आनेवाले हैं इन्हे जी भर के जी ले ।"माँ की बातों से गुठली और भी हताश हो गई ।

28.माँ वहाँ क्यों आ गई ? 1

29.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें । 1

(क) माँ की बातों से गुठली को राहत मिल गई ।

(ख) माँ की बातों से गुठली को खुशी हुई ।

(ग) माँ की बातों से गुठली को हताशा हुई ।

(घ) माँ की बातों से गुठली को गर्व हुआ ।

30.बुआ के विचार में लड़कियों का असली घर कौन-सा है ? 1

31.माँ की बातों से गुठली काफ़ी निराश हो गई । उसने अपने विचार डायरी में लिखे । 5
गुठली की संभावित डायरी लिखें ।